भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*124
बुधवार, 03 जुलाई, 2019/12 आषाढ़, 1941 (शक)

समूह 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के पदों के लिए रोजगार संबंधी आंकड़े

*124. प्रो॰ मनोज कुमार झाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विभिन्न सरकारी विभागों में मई, 2014 से मई, 2019 के बीच समूह 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के पदों के लिए कुल कितने अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की पेशकश की गई;

(ख) विभिन्न सरकारी विभागों में समूह 'ग' और 'घ' के कुल कितने पद संस्वीकृत हैं और इनमें से समूह 'ग' और 'घ' के रिक्त पदों से संबंधित आंकड़े क्या हैं; और

(ग) असंगठित क्षेत्र में नवंबर, 2016 से मार्च, 2018 के बीच और जून, 2004 से मार्च, 2009 के बीच रोजगार वृद्धि के आंकड़ों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

समूह 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' के पदों के लिए रोजगार संबंधी आंकड़े के संबंध में प्रो॰ मनोज कुमार झा द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *124 के भाग (क) से (ग) के लिए दिनांक 03.07.2019 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, त्यागपत्र, स्थानांतरण, अधिकारियों/कर्मचारियों की मृत्यु, नए पदों के सृजन आदि के कारण उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों को सरकारी रोजगार दिया जाता है। इन रिक्तियों को संबंधित मंत्रालय/विभाग/संगठन द्वारा संगत पदों हेतु भर्ती नियमों में प्रावधानों के अनुसार भरा जाता है। इससे संबंधित आंकड़ों का रख-रखाव केंद्रीय रूप से नहीं किया जाता है। तथापि, 2014-19 के दौरान संघ लोक सेवा आयोग एवं कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से अभ्यर्थियों को 2,45,470 सरकारी रिक्तियां/रोजगार प्रस्तुत किए गए। इन दो भर्ती अभिकरणों के अलावा अन्य अभिकरण हैं, जैसे रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) आदि, जो सरकारी रिक्तियों/रोजगार हेतु भर्ती करते हैं।

(ख): छठे केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यान्वयन के उपरांत समूह घ को समूह ग में एकीकृत (वर्गीकृत) कर दिया गया है। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों में 01.03.2018 तक समूह ग के 33,47,498 संस्वीकृत पद, 27,73,209 आसिन कर्मचारियों की संख्या तथा 5,74,289 रिक्त पद थे। सरकार ने 2016 से समूह ख एवं समूह ग (अराजपत्रित) की भर्ती प्रक्रिया को ऐसे पदों में साक्षात्कार की बाध्यता को हटाकर इसे सरल एवं अधिक पारदर्शी बना दिया है।

(ग): अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार 2004-05 के दौरान एनएसएसओ के 61वें दौर के अनुसार 77.5 प्रतिशत था, 2009-10 के दौरान एनएसएसओ के 66वें दौर के अनुसार 71.1 प्रतिशत था तथा 2017-18 के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 में आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार 68.4 प्रतिशत था। एनएसएस सर्वेक्षणों के पूर्व के दौरों के साथ पीएलएफएस के परिणामों को उस संदर्भ में समझे जाने की आवश्यकता है, जिसके तहत सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श चयन को तैयार किया गया है।

*****